Title: Need to resume air services from more places in Bihar- Laid.

श्री राजो सिंह (बेगुसराय): अध्यक्ष महोदय, झारखंड राज्य के गठन के पश्चात बिहार राज्य में सिर्फ पटना हवाई अड्डा रह गया है। यह विचारणीय है कि कई दशक पहले मुजफ्फरपुर में हवाई अड्डा चालू था और इस हवाई अड्डे से इंडियन एयर लाइन्स तथा वायुदूत के विमान उड़ान भरते थे। इसी प्रकार से वायुदूत की सेवा उपलब्ध हुआ करती थी। इन दोनों हवाई अड्डों से पुनः नियमित हवाई सेवा चालू करने की आवश्यकता है। अगर गया और राजगीर दोनों स्थानों से वायु सेवा उपलब्ध हो जाए तो बुद्धिस्ट सर्किट से जुड़े पर्यटन को तत्काल बहुत बड़ा प्रोत्साहन मिल सकता है। इसके लिए आवश्यक है कि राजगीर में भी हवाई अड्डा का निर्माण कराया जाये। भारत, नेपाल सीमा पर स्थित रक्सौल में भी वायुदूत की सेवा, जो वर्ाो पहले उपलब्ध थी, को दोबारा शुरू करने की आवश्यकता है। यह सेवा नेपाल से जुड़े हुए पर्यटन को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध होगी। वायु मार्ग से सामान भेजने के लिए पहले पटना हवाई अड्डे पर और बाद में गया एवं मुजफ्फरपुर में भी कार्गो हैंडलिंग की सुविधा स्थापित करने की आवश्यकता है।

मैं सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान इस ओर आकृट कर, अनुरोध करना चाहता हूं कि शीघ्रताशीघ्र उपरोक्त मामलों को निपादित करवाने की कृपा की जाये।